इस्पात टाइम्स
रायपुर/रायगढ़ से प्रकाशित
रविवार ,30 - अगस्त - 2020
रायगढ़

राष्ट्रीय खेल दिवस पर जेएसपीएल फाउंडेशन ने किया खिलाडियों और प्रशिक्षकों का सम्मान

राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर कर चुके हैं जिले का नाम रोशन

इस्पात टाइम्स/रायगढ़। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में रायगढ़ का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। हर साल फाउंडेशन द्वारा इस अवसर पर वृहद स्तर पर विभिन्न स्पधाओं और समारोह का आयोजन किया जाता रहा है। लेकिन इस वर्ष कोविड–19 महामारी के प्रकोप को देखते हुए फिजिकल डिस्टेन्सिंग को ध्यान में रखकर कार्यालय परिसर में ही खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में पूरे देश में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा अंचल में निरंतर आंचलिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल प्रतियोगिताओं, खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है। साथ ही क्षेत्र के खिलाडियों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन के लिए सहयोग भी प्रदान



किया जाता है एवं खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों के प्रोत्साहन के लिए उन्हें समय–समय पर पुरस्कृत भी किया जाता है। इसी श्रंखला में शनिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा चुके अंचल के खिलाड़ियों तथा खेल प्रशिक्षको का सम्मान जेएसपीएल के सीएसआर विभाग के कार्यालय में किया गया।

जेएसपीएल के उपाध्यक्ष संजीव चौहान ने सभी खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। श्री चौहान ने उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेल के साथ योग के माध्यम से हम शारीरिक–मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। कंपनी के चेयरमैन एवं पूर्व सांसद नवीन जिंदल स्वयं एक अच्छे खिलाड़ी हैं और हमेशा खिलाडियों को प्रोत्साहित करते हैं। उनकी इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा गांव–गांव में खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रयास किए जाते हैं। इसी कड़ी में आज इस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है।

बैडमिंटन के राष्ट्रीय खिलाडी एवं प्रशिक्षक अकरम खान ने इस अवसर पर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस आपदा के दौर में भी उन्हें खुद को तरोताजा रखना चाहिए और अपना अभ्यास जारी रखना चाहिए। मार्शल आर्ट के राष्ट्रीय खिलाडी प्रशिक्षक श्याम गुप्ता ने जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा खेल व खिलाड़ियों को सदैव प्रोत्साहित किये जाने की सराहना करते हुए अपेक्षा जताई की जीवन का पूरा समय खिलाडियों को तैयार करने में लगा चुके प्रशिक्षकों को भी सहयोग किये जाने की आवश्यकता है। इस दौरान सीएसआर विभाग के उप महाप्रबंधक शिशिर तरफदार ने खेल से जीवन में अनुशासन व लगातार आगे बढ़ना सीखने की बात कहते हुए अंचल में खेल तथा खिलाड़ियों को आगे भी निरंतर प्रोत्साहन जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। उप प्रबंधक जयंत सिंह ठाकुर ने शिक्षा के अधिकार की तर्ज पर खेल के अधिकार को महत्ता दिए जाने की बात कही।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल का प्रदर्शन कर चुके क्षेत्र के प्रतिभावान कबड्डी के खिलाडी ग्राम उच्चभिट्ठी के राकेश धीवर, हेमचरण चौधरी, विकास ढीमर, भगवानपुर के शुभम सिंह, जेपीएल की लक्ष्मी गुप्ता, डीसीपीपी के रोहित सिदार सहित जेएसपीएल के रामेश्वर बैरागी का सम्मान किया गया। जेएसपीएल फाउंडेशन के सहयोग से माउन्ट एवरेस्ट की चोटी पर तिरंगा के साथ "जिंदल पेंथर" का ध्वज लहरा चुकी छत्तीसगढ़ की एकमात्र पर्वतारोही रायगढ़ की बेटी याशी जैन तथा राष्ट्रीय स्तर पर योग का प्रदर्शन कर चुकी गोरखा की कुमारी दुर्गा का सम्मान भी किया गया। इसके साथ ही समारोह के दौरान अंचल में अपने समर्पित प्रशिक्षण से राज्य व राष्ट्रीय स्तर के खेलों के लिए खिलाड़ी तैयार कर चुके बैडमिंटन के राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक अकरम खान, बास्केटबाल के राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रशिक्षक विनीत पाण्डेय, कराटे के राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रशिक्षक श्याम गुप्ता, कबड्डी कोच एवं रेसलर आनंद डनसेना तथा एथलेटिक्स के राष्ट्रीय खिलाडी प्रशिक्षक मालती मैत्री का सम्मान किया गया।